प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलां की सराहना की : कहा– उनकी वीरता ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर किया मजबूर।
2. प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों सहित देश के 103 अमृत भारत स्टेशनों का किया उद्घाटन : कहा– पिछले 11 वर्षों में रेलवे में हुआ है परिवर्तनकारी सुधार।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जैव विविधता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को किया संबोधित : कहा– पर्यावरण संरक्षण में सरकार के साथ समाज भी निभाये भूमिका।
4. लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण के निर्माण को पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड से मिली मंजूरी : चारबाग से बसंतकुंज तक बनेंगे 12 नये स्टेशन। और
5. प्रदेश में तेज आंधी क साथ बारिश से जनजीवन प्रभावित : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से राहत कार्य करने के दिये निर्देश।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। श्री मोदी ने

कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। बाइट....

*22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटना टेकने के लिए मजबूर कर दिया।*

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है।

श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और अगर बातचीत होगी तो सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी। बाइट....

*पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी, तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मी की और अगर पाकिस्तान ने आतंकियों के सपोर्ट करना जारी रखा, तो उसको पाई–पाई के लिए मोहताज होना होगा और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।*

——————————

इससे पहले प्रधानमंत्री ने राजस्थान से आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के 19 स्टेशनों समेत देश के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली उद्‌घाटन किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 19 स्टेशनों– बिजनौर, सहारनपुर, करछना, गोविंदपुरी, पुखराया, आगरा ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन, मैलानी, स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोलागोकर्ण नाथ, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली

सिटी, उझानी और हाथरस सिटी का भी पुनर्विकास किया गया है। इस कड़ी में आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल शामिल हुए। बाइट.....

*पूरे देश में 103 रेलवे स्टेशन पुनर्विकसित करने का जो काम किया है उसमें ईदगाह रेलवे स्टेशन है उसमें लगभग 12–13 करोड़ रुपये से विभिन्न काम किये गये हैं। मुख्य भवन का विस्तार हुआ है। नये शौचालय, प्रतीक्षालय, टिकट कम्प्यूटर काउंटर, दिव्यांगजनों के लिये रैम्प इत्यादि हुआ है।*

उधर, प्रयागराज के करछना रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों क दौरान रेलवे निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। बाइट.....

*भारतीय रेलवे को निरन्तर सुदृढ़ करने के आधुनिक बनाने के विश्वस्तरीय बनाने के प्रयास हमारी सरकार ने 11 वर्षों में किये है और रेलवे की आज एक विकसित और बदली हुई तस्वीर देश के आम नागरिकों के सामने निकल के आयी है।*

हाथरस सिटी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि देश को विकास की रफ्तार देने में रेलवे का अहम योगदान होता है। बाइट....

*पहले चरण में जो हमारे जिले यूपी के है आगरा, मथुरा, हाथरस उनमें 4 इस प्रकार के स्टेशन विकसित किये गये हैं यहां यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा गया है दिव्यांगजनों का ध्यान रखा गया है और जो रेलवे में निवेश होगा उसका लाभ पूरे अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।*

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य को नमन कर रहा है। सशस्त्र

बलों के सम्मान में आकाशवाणी समाचार विशष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजता सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल क अदम्य साहस को याद कर रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

*महाराष्ट्र में जन्मे सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को जून 1971 में पूना होर्स रेजीमेंट में नियुक्त किया गया। मात्र 21 वर्ष की आयु में उन्होंने 1971 के भारत–पाक युद्ध के दौरान बेमिसाल साहस का परिचय दिया। 16 दिसंबर 1971 को दुश्मन ने धूएं के परदे की आड में सकरगट सेक्टर में खेत्रपाल को निशाना बनाकर जवाबी हमला किया। रक्षा चुनौती को पार किया और कई दुश्मन सैनिकों को पकड लिया। हमले के दौरान उनके दूसरे टैंक के कमांडर की मौत हो गई और वे अकेले रह गए। लेकिन उन्होंने दुश्मनों पर तक तब तक अकेले ही हमला जारी रखा था जब तक दुश्मन के सभी ठिकानों पर कब्जा नहीं हो गया। फिर भी स्क्वाड्रन की ओर दौड़ते हुए उन्होंने एक दुश्मन टैंक को नष्ट कर दिया। दुश्मन के दूसरे हमले के दौरान इसके बाद भी भीषण टैंक युद्ध हुआ। दस दुश्मन टैंक नष्ट हो गए और उनमें से चार को सेकेंड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल ने अकेले ही नष्ट कर दिया। ~~उनके~~ लेकिन उन्होंने दुश्मन के टैंकों को नष्ट करना जारी रखा। उनके टैंक पर फिर से हमला हुआ और उन्होंने दुश्मन के उस इच्छित सफलता को वंचित करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। सेकेण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल को 1972 में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर बल दिया। श्री योगी आज लखनऊ में अतंर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर 'प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। श्री योगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक नतीजे सामने आ सकते हैं। बाइट....

*सृष्टि केवल मनुष्य के लिए नहीं है और मनुष्य को अगर अपने अस्तित्व को बचाना है तो उसको सभी जीवों के अस्तित्व के बारे में जंतुओं के अस्तित्व के बारे में जल स्रोतों के बारे में उनके संरक्षण की दिशा में कार्य करना ही पड़ेगा। साथ साथ जो पर्यावरण का एक समन्वित रूप है इन सब के बारे में भी गहन मंथन करते हुए। उसको क्रियान्वित करने की दिशा में आगे बढ़ना पड़ेगा। एक साथ सामूहिक प्रयास का हिस्सा बनना चाहिए। इसमें सरकार भी लगे। पर्यावरण विद् भी इसके साथ जुड़े। समाज के प्रबुद्धजन भी इसके साथ जुड़े। आम जनमानस को भी अगर हम इसके साथ जोड़कर के इस अभियान का हिस्सा बना सकते हैं तो इसके सार्थक परिणाम हम सबके सामने आएंगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक हालात को देखते हुए सावधानी और सतर्कता जरूरी है। लखनऊ में कोविड–19 के नये

सब–वेरिएंट जेएन–1 के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के हालात पर समीक्षा के बाद उन्होंने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाईयों को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिये हैं।

————————

लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण–ईस्ट एंड वेस्ट के निर्माण के लिये पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। परियोजना के डीपीआर को अंतिम स्वीकृति के लिये केन्द्रोय कैबिनेट को भेज दिया गया है, जहां से मंजूरी के बाद आगामी अक्टूबर तक निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। चारबाग से बसंतकुंज तक इस मेट्रो ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर में कुल 12 नये स्टेशन बनेंगे। इनमें चारबाग, गौतमबुद्ध मार्ग, अमीनाबाद, पाण्डेयगंज, सिटी स्टेशन, मेडिकल कॉलेज चौराहा और चौक भूमिगत स्टेशन रहेंगे, जबकि ठाकुरगंज, बालागंज, सरफराजगंज, मूसाबाग और बसंतकुंज एलिवेटेड स्टेशन के रूप में विकसित किये जायेंगे।

————————

राज्य के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल रात हुई आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा और कुछ जगहों पर जानमाल का भी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग अगले एक हफ्ते तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि

और बिजली गिरने की घटना होने पर अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जनहानि और पशुहानि पर राहत राशि तत्काल मुहैया कराने का निर्देश भी दिया है।

—————————

आइ.पी.एल. क्रिकेट में, गुजरात टाइटंस का मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स से हो रहा है। कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सन राइजर्स हैदराबाद और रायल चैंलेजर्स बंगलुरू के बीच मैच खेला जायेगा।

—————————

बाराबंकी जिले की सौ वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित संस्था देवा मेला एवं नुमाइश समिति के निर्वाचन में आज चार सदस्यों ने विजय हासिल की है। इनमें चौधरी फैज महमूद, रानी मृणिलानो सिंह, महबूब किदवाई और कुंवर सानिध्य बली निर्वाचित घोषित किये गये हैं। यह जानकारी समिति के वरिष्ठ सदस्य चौधरी तालिब ने दी है।

(समाप्त)